
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास पर आया BCCI का रिएक्शन, जाने क्या कहा।

Publisher

Published on 12 May 2025




## विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है. विराट के संन्यास पर अब BCCI का रिएक्शन आया है. जाने बोर्ड ने क्या कुछ कहा.

विराट कोहली ने आखिरकार टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर ही दिया. इसका मतलब है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड उन्हें संन्यास नहीं लेने से रोक नहीं पाया. अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा क्यों? बता दें कि कुछ दिन पहले ही विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की बात BCCI से की थी. हालांकि, बोर्ड ने उनसे इस पर दोबारा विचार करने को कहा था. फिर खबर आई कि बीसीसीआई विराट को इंग्लैंड दौरे पर कप्तान भी बनाना चाहता था. लेकिन विराट ने आज सोमवार, 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया.

विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने पर BCCI का रिएक्शन आया है. बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, “थैंक्य यू विराट कोहली. टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया लेकिन विरासत हमेशा जारी रहेगी! टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया. टीम इंडिया में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा!”

रोहित के बाद विराट कोहली भी नहीं खेलेंगे टेस्ट
इससे पहले टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था. अब विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया. दोनों ने इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले टेस्ट से रिटायरमेंट ली है. भारतीय टीम को अगले महीने इंग्लैंड दौरे पर जाना है. इंग्लैंड में टीम इंडिया को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून से होगी.

ऐसा रहा विराट कोहली का टेस्ट करियर

2011 में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू करने वाले विराट कोहली ने कुल 123 टेस्ट मैच खेले. इस दौरान किंग कोहली के बल्ले से 46.85 की औसत से 9230 रन निकले. टेस्ट में विराट के नाम 7 दोहरे शतक, 30 शतक और 31 अर्धशतक हैं. विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 जनवरी 2025 को अपना आखिरी टेस्ट खेला.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.